अल्लाह ने उन लोगों पर आश्चर्य व्यक्त किया जो बेड़ियों में जकड़े हुए जन्नत में दाखिल होंगे।

अबू हुरैरा - रज़ियल्लाहु अन्हु - कहते हैं कि अल्लाह तआला ने फ़रमायाः तुम सबसे अच्छी उम्मत हो , जिसे लोगों के लिए निकाला गया है। वह - इस आयत की व्याख्या करते हुए - कहते हैं ◌ः लोगों के लिए सबसे अच्छे लोग वह हैं , जो उन्हें उनके गले में तौक़ डालकर लाएँगे , यहाँ तक कि इस्लाम में दाख़िल हो जाएँ। उन्हीं से रिवायत है कि अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः "अल्लाह ने उन लोगों पर आश्चर्य व्यक्त किया , जो बेड़ियों में जकड़े हुए जन्नत में दाखिल होंगे। "

[दोनों रिवायतों को मिलाकर सहीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/4932